# हरियाणा विधान सभा

## अगस्त सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 26 अगस्त 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### बी.पी.एल कार्डों के संबंध में ब्यौरा

***41 श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में 01 जनवरी, 2024 से 31 जुलाई, 2025 तक की अवधि के दौरान जारी किए गए नए बी.पी.एल कार्डों की संख्या कितनी है तथा उक्त अवधि के दौरान बंद किए गए बी.पी.एल कार्डों की संख्या कितनी है;

(ख) राज्य में 31 मार्च, 2025 तक बी.पी.एल कार्डों की कुल संख्या कितनी है तथा वर्तमान में बी.पी.एल कार्डों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) ऊपर 'क' में वर्णित बी.पी.एल कार्डों को किस आधार पर बंद किया गया है?

----

### नए अस्पताल भवन का निर्माण

***42 श्री मुकेश शर्मा (गुडगाँव):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गुरुग्राम में पुराने नगर निगम कार्यालय के सामने नागरिक अस्पताल के नए भवन के

निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) इसके पूरा होने में देरी के क्या कारण हैं तथा इस देरी के लिए जिम्मेवार अधिकारियों के नाम क्या हैं?

----

## गांव में चकबंदी का ब्यौरा

***43** **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली तहसील बापौली के गांव नन्हेड़ा में भूमि की चकबंदी सरकार द्वारा करवाई गई है; यदि हां, तो कुल कितने क्षेत्र की चकबंदी की गई है;

(ख) क्या इस गांव की भूमि का कुछ भाग, किन्ही कारणों से पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के क्षेत्र के अंतर्गत आ गया है;

(ग) उक्त भूमि का क्षेत्र कितना है जो उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में चली गई है तथा क्या उस भूमि के लिए चकबंदी की गई है; यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(घ) क्या इस भूमि के बदले में कोई मुआवजा या वैकल्पिक भूमि दी गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ड) यदि नहीं,तो उसके कारण क्या हैं?

----

## नए बस स्टैंड का निर्माण करना

***44** **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) होडल शहर में मौजूद पुराने बस स्टैंड भवन के स्थान पर अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ एक नया नवीनतम तकनीकी से पूर्ण बस स्टैंड बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है, जैसे कि परिवहन मंत्री ने सदन के गत सत्र में आश्वासन दिया था; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त परियोजना के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## दुकानों के पंजीकरण के लिए स्वामित्व योजना

***45 श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री (उचाना कलां):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या उचाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के लाल चौक पर स्थित दुकानों का पंजीकरण उनके संबंधित दुकानदारों के नाम पर कराने के लिए स्वामित्व योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा कार्रवाई की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त पंजीकरण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो मामले में देरी के कारण क्या हैं?

----

## किसानों को मुआवजा प्रदान करना

***46 श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या यह तथ्य है कि नारनौंद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के 20 गांवों में हाल ही में बरसात के मौसम के दौरान जलभराव के कारण धान, कपास तथा बाजरे की फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं; यदि हां, तो क्या इस संबंध में सरकार द्वारा कोई सर्वे कराया गया है; तथा

(ख) प्रभावित किसानों को उपरोक्त क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा कब तक वितरित किए जाने की संभावना है?

----

## सब-स्टेशन स्थापित करना

***47 श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या हिसार के सेक्टर-33 में सब-स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त सब-स्टेशन कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विद्यालयों का दर्जा बढाना

***48 मो. इसराईल (हथीन):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या हथीन ब्लॉक में किसी प्राथमिक, माध्यमिक या उच्च विद्यालय का दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## जलभराव की समस्या का समाधान करना

***49 श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि बवानी खेड़ा कस्बे में हर साल औसत दर्जे की बारिश के बाद भी भारी जलभराव हो जाता है, परिणामस्वरूप दुकानों, घरों तथा गलियों में पानी भर जाता है, व्यावसायिक गतिविधियाँ बाधित होती हैं तथा संपत्ति को बार-बार नुकसान पहुँचता है; तथा

ख) क्या उपरोक्त समस्या का कोई स्थायी समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क का निर्माण कार्य पूरा करना

***50 श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि जींद से पानीपत तक सड़क का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सा उपकरण तथा सुविधाओं का ब्यौरा

***51 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) नूंह जिले में कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य उप-केंद्रों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की संख्या तथा अवस्थिति क्या है तथा उनकी संख्या क्या है जोकि अपने भवनों में चल रही हैं ;

ख) ऊपरवर्णित स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों के स्वीकृत पदों की संस्थान-वार संख्या तथा रिक्त पड़े पदों की संख्या कितनी है;

ग) इन स्वास्थ्य संस्थानों में अभाव/ कम पड़ रहे चिकित्सा उपकरणों तथा सुविधाओं का संस्थान- वार ब्यौरा क्या है;

घ) गत 10 वर्षों या उससे अधिक समय से इन स्वास्थ्य संस्थानों में एक ही स्थान पर नियुक्त चिकित्सकों का ब्यौरा क्या है; तथा

ङ) क्या यह तथ्य है कि नूंह जिला में मंडी खेड़ा अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों पर सांप के काटने के उपचार के लिए विषरोधी या अन्य दवाइयां उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा नूंह जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में इन आवश्यक दवाइयों के कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## सफाई कर्मचारियों की कमी

*52 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद एन.आई.टी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में वर्तमान में लगभग 450 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि लगभग 1300 सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण, सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है; तथा

(ग) यदि हां, तो सफाई सेवाओं में सुधार करने के लिए सफाई कर्मचारियों की कमी को कब तक दूर किए जाने की संभावना है?

----

## रेवाड़ी का नगर निगम के रूप में दर्जा बढ़ाना

*53 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या नगर परिषद, रेवाड़ी का नगर निगम के रूप में दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## हरित पट्टी पर पौधारोपण का ब्यौरा

*54 **श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में सड़कों के दोनों ओर (साइडों) पर हरित पट्टी भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है जिस पर गत 5 वर्षों के दौरान पौधे/ छोटे पौधे लगाए गए हैं;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान उपरोक्त हरित पट्टी पर लगाए गए पौधों/ छोटे पौधों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में जीवित पौधों/ छोटे पौधों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) वर्तमान में राज्य में हरित पट्टी के रूप में वास्तव में उपलब्ध भूमि का क्षेत्रफल कितना है?

----

## सिंचाई प्रयोजनों के लिए जल उपचार करने के लिए व्यवस्था करना

*55 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) शहर में हिसार जल उपचार संयत्र, सातरोड़, ऋषि नगर, गंगवा तथा अन्य सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांटों से पानी की कितनी मात्रा छोडी जाती है;

ख) क्या इस जल के उपचार तथा इसे सिंचाई के प्रयोजन के लिए आस-पास के किसानों को उपलब्ध कराने के लिए व्यापक व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ग) यदि हां, तो इस परियोजना पर कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; तथा

घ) नलवा तथा आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खालों, जोकि पुनर्निर्माण के लिए लंबित है, का पुनर्निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## कलेसर में रोधक बांधों का निर्माण

*56 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री कृपया बताएंगे कि यमुनानगर जिले के कलेसर वन

रेंज में कितने रोधक बांधों का निर्माण करना सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## माइनरों का निर्माण कार्य शुरू करना

*57 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि सिरसा में धिंगतानिया तथा भम्भूर माइनरों (जिनकी घोषणा 2018 में की गई थी) का निर्माण वर्ष 2025 तक शुरू नहीं हुआ है; तथा

ख) यदि हां, तो इस संबंध में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## कॉलोनियों की स्वीकृति की वर्तमान स्थिति

*58 **श्री योगीन्द्र सिंह राणा (असंध):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि असंध नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली लगभग 10 कॉलोनियों के नियमितीकरण से संबंधित फाइलें निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, पंचकूला को विचार के लिए भेजी गई हैं; तथा

ख) यदि हाँ, तो इन कॉलोनियों के नियमितीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त कॉलोनियों को कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

----

## बी.पी.एड. महाविद्यालय या राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलना

*59 **श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि पृथला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गाँव जनौली में पहले से निर्मित जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान (डी.आई.ई.टी) महाविद्यालय वर्तमान में कार्यात्मक नहीं है; तथा

ख) उपरोक्त भवन में बी.पी.एड. महाविद्यालय या राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## सरकार द्वारा लिए गए ऋण का ब्यौरा

***60 श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वित्त वर्ष 2014-15 से जुलाई, 2025 तक सरकार द्वारा कितना ऋण लिया गया है तथा आज तक कितना ऋण बकाया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----